Time : 3 Hours **Max. Marks: 150**

ITI Paper - 1 (Income Tax Law and Computation)

(Objective Type) (Without Books)

8th September, 2025 (Shift 2 – 02.30 PM to 05.30 PM)

Important Instructions: All questions carry one mark each. For every incorrect attempt 1/8th mark shall be deducted. In case of any doubt, the English version may be taken as authentic. Wherever Assessment Year is not given, it may be taken as A.Y. 2025-26. In case of doubt in respect of the answer, choose the most appropriate option for the given question.

1.	Income accrued outside India and received outside India is taxable in case of: a) Resident and ordinary resident (ROR) only b) Resident but not ordinary resident (RNOR) only c) Non-resident only d) ROR, RNOR and Non-Resident भारत से बाहर उपार्जित और भारत से बाहर प्राप्त आय, किस मामले में कराधेय है: a) केवल–निवासी और सामान्य निवासी (आर.ओ.आर) b) केवल–निवासी किन्तु सामान्य निवासी नहीं (आर.एन.ओ.आर.) c) केवल अनिवासी d) (आर.ओ.आर),(आर.एन.ओ.आर.) और अनिवासी
2.	Which statement is correct in respect of residential status of a company a) A company can only be resident b) A company can only be non-resident c) A company can be either resident or non-resident d) All above are not correct किसी कंपनी की आवासीय स्थिति के संबंध में कौन सा कथन सही है – a) एक कंपनी सिर्फ निवासी हो सकती है। b) एक कंपनी केवल अनिवासी हो सकती है। c) एक कंपनी या तो निवासी या अनिवासी हो सकती है। d) उपरोक्त सभी सही नहीं हैं।
3.	Under Section 12, voluntary contributions received by a charitable trust are treated as: a) Business income b) Capital receipts c) Income from other sources d) Income from property held under trust धारा 12 के अंतर्गत, किसी पूर्व न्यास द्वारा प्राप्त स्वैच्छिक योगदान को ..... माना जाता है : a) व्यावयायिक आय b) पूंजी प्राप्तियां c) अन्य स्रोतों से आय d) ट्रस्ट द्वारा धारित संपत्ति से आय
4.	Which among the following does not constitute a transfer of a capital asset:

	a) The sale, exchange or relinquishment of an asset b) Maturity or redemption of zero coupon bond c) The compulsory acquisition of the capital asset under any law d) Conversion of preference share of a company into equity share of that company. निम्नलिखित में से कौन सा, पूंजी परिसंपत्ति का अंतरण नहीं माना जाएगा ? a) किसी परिसंपत्ति की ब्रिकी, विनिमय या त्याग b) शून्य कूपन बॉंड की परिपक्वता या परिशोधन c) किसी कानून के तहत, किसी पूंजीगत परिसंपत्ति का अनिवार्य अधिग्रहण d) किसी कंपनी के अधिमानी शेयरों का इक्विटी शेयर में परिवर्तन
5.	As per Explanation 3 of Section 2(22) of the Income- tax Act, 1961, A person shall be deemed to have a substantial interest in a concern, other than a company, if he is, at any time during the previous year beneficially entitled to not less than _____% of the income of such concern. a) 20% b) 25% c) 10% d) 15% आयकर अधिनियम 1961 की धारा 2(22) के स्पष्टीकरण 3 के अनुसार किसी व्यक्ति को, किसी समुत्थान में, जो किसी कंपनी से भिन्न है, पर्याप्त रूप से हितबद्ध तब समझा जाएगा, जब वह पूर्व वर्ष के दौरान किसी ऐसे समुत्थान की आय के कम से कम_____% का फायदा पाने का हकदार है। a) 20% b) 25% c) 10% d) 15%
6.	"Inspector of Income Tax" has been defined under the Income-tax Act, 1961: a) Defined under sub-section (28A) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 b) Defined under sub-section (29) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 c) Defined under sub-section (28) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 d) Defined under sub-section (19) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 आयकर अधिनियम, 1961 के तहत ''आयकर निरीक्षक'' को परिभाषित किया गया है–

	a) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 2 की उप धारा (28A) के तहत परिभाषित b) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 2 की उप धारा (29) के तहत परिभाषित c) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 2 की उप धारा (28) के तहत परिभाषित d) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 2 की उप धारा (19) के तहत परिभाषित
7.	If Principal Commissioner or Commissioner has noticed occurrence of one or more specified violations during any previous year in respect of a fund or institution in respect of which exemption is approved or provisionally approved under sub-clause (iv) of section 10(23C) of the Income-tax Act, 1961, then he shall pass an order either cancelling or refusing the approval of such fund or institution within: a) Within six months from the end of the quarter in which the first notice is issued by the Principal Commissioner or Commissioner, calling for any documents or information b) Within six months from the end of the month in which the first notice is issued by the Principal Commissioner or Commissioner, calling for any documents or information c) Within six months from the end of the quarter in which the specified violation was noticed d) Within six months from the end of the month in which the specified violation was noticed यदि प्रधान आयुक्त या आयुक्त के संज्ञान में आता है कि गत किसी वर्ष के दौरान किसी फंड या संस्था के संबंध में एक या उससे अधिक विनिर्दिष्ट उल्लंघन हुआ है, जिसके संबंध में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23C) के उपखंड (iv) के तहत छूट का अनुमोदन या अस्थाई अनुमोदन दिया जा चुका है तो वह इस प्रकार के फंड या संस्था के या तो रद्दकरण या अनुमोदन के रद्दकरण का आदेश किस अवधि तक पारित कर सकता हैः a) उस तिमाही की समाप्ति के 6 महीने के अंदर जिसमें प्रधान आयुक्त या आयुक्त द्वारा किसी दस्तावेज या सूचना मांगने के बारे में नोटिस जारी किया गया है। b) उस महीने की समाप्ति के 6 महीने अंदर जिसमें प्रधान आयुक्त या आयुक्त द्वारा किसी दस्तावेज या सूचना मांगने के बारे में नोटिस जारी किया गया है। c) उस तिमाही की समाप्ति के 6 महीने के अंदर जिसमें विशेष प्रकार का उल्लंघन सामने आया था। d) उस महीने की समाप्ति के 6 महीने के अंदर जिसमें विशेष प्रकार का उल्लंघन सामने आया था।
8.	Which of the following is NOT a determinant of residential status for a company?

	a) Place of Effective Management (POEM) b) Place of Incorporation c) Place where the Board of Directors meets d) Citizenship of the shareholders निम्नलिखित में कौन–सा विकल्प एक कंपनी के लिए आवासीय स्थिति का निर्धारक नहीं है: a) प्रभावी प्रबंधन का स्थान (POEM) b) निगमन का स्थान c) निदेशक मंडल की बैठक का स्थान d) अंशधारकों की नागरिकता
9.	Which of the following is NOT considered "Income Deemed to Accrue or Arise in India"? a) Income from a business connection in India b) Interest paid by an Indian company to a non-resident c) Foreign salary paid to an Indian resident for services performed outside India d) Capital gains from the transfer of assets located in India निम्नलिखित में से किसे ''भारत में प्रोद्भूत या पैदा हुई आय'' नहीं मानी जाता है ? a) भारत में व्यावसायिक संबद्धता से आय b) एक भारतीय कंपनी द्वारा एक अनिवासी को प्रदत्त ब्याज c) किसी भारतीय निवासी को, भारत से बाहर प्रदत्त सेवाओं के लिये विदेशी आय d) भारत में स्थित अस्तियों के हस्तांतरण से प्राप्त पूंजीगत लाभ
10.	Which of the following is NOT taxable for a Non-Resident (NR) in India? a) Salary received in India b) Business profits from an Indian branch office c) Interest on NRE (Non-Resident External) account d) Income from property located in India अनिवासी के लिये, भारत में, निम्नलिखित में से कौन सी आय का–प्रभार्य नहीं है ? a) भारत में प्राप्त वेतन b) भारतीय शाखा कार्यालय से व्यावसायिक लाभ c) अनिवासी बाह्य (नॉन रेजिडेंट एक्सटर्नल) लेखा पर ब्याज d) भारत में स्थित संपत्ति से आय

11.	Mr. Suresh holds 12% of equity shares in XYZ Private Limited. He also Holds 25% of equity share in ABC Pvt. Ltd. Both the companies have accumulated profits more than the amount of loans and advances given. Which of the following transactions of loans and advances given *would not* constitute deemed dividend as per section 2(22)(e) of the Income-tax Act, 1961 provided that such loans and advances are not as part of the ordinary course of business? 1. Advancement of loan by ABC Pvt Limited to XYZ Private Limited. 2. Advancement of loan by XYZ Pvt Limited to ABC Private Limited. 3. Advancement of loan by ABC Pvt Limited to Mr. Suresh 4. Advancement of loan by ABC & XYZ Pvt Limited to Mr. Suresh Choose the correct option : a) All of the above b) Only 2 c) Only 1 d) Both 1 And 2 श्री सुरेश के पास XYZ प्राइवेट लिमिटेड में 12% इक्विटी शेयर हैं। उनके पास ABC प्राइवेट लिमिटेड में भी 25% इक्विटी शेयर हैं। दोनों कंपनियों ने दिए गए ऋणों और अग्रिमों की राशि से अधिक लाभ अर्जित किया है। निम्नलिखित में से कौन–सा ऋणों और अग्रिमों का लेन–देन आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 2(22)(e) के अनुसार लाभांश नहीं माना जाएगा, बशर्ते कि ऐसे ऋण और अग्रिम व्यवसाय के सामान्य क्रम के भाग के रूप में न हों ? 1. ABC प्राइवेट लिमिटेड द्वारा XYZ प्राइवेट लिमिटेड को ऋण अग्रिम। 2. XYZ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ABC प्राइवेट लिमिटेड को ऋण अग्रिम। 3. ABC प्राइवेट लिमिटेड द्वारा श्री सुरेश को ऋण अग्रिम। 4. ABC और XYZ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा श्री सुरेश को ऋण अग्रिम। सही विकल्प चुनें:– a) उपरोक्त सभी। b) केवल 2 c) केवल 1 d) 1 और 2 दोनों
12.	As per subsection 1 of section 9B of the Income tax Act 1961, 'Where a specified person receives during the previous year any capital asset or stock in trade or both from a specified entity in connection with the dissolution or reconstitution of such specified entity, then the specified entity shall be deemed to have transferred such capital asset or stock in trade or both, as the case may be, to the specified person in the year in which such capital asset or stock in trade or both are received by the specified person.' As per the section which one of the following constitute the specified entity: 1. Association of person

	2. Firm 3. Body of individuals not being a company or co-operative society 4. Cooperative society Choose the correct option : a) Only 1 and 4 b) Only 2 & 4 c) Only 1, 2 and 3 d) Neither of the above आयकर अधिनियम 1961 की धारा 9B की उपधारा 1 के अनुसार, जहां कोई निर्दिष्ट व्यक्ति पिछले वर्ष के दौरान किसी निर्दिष्ट इकाई से ऐसी निर्दिष्ट इकाई के विघटन या पुनर्गठन के संबंध में कोई पूंजीगत परिसंपत्ति या व्यापार में स्टॉक या दोनों प्राप्त करता है, तो निर्दिष्ट इकाई को ऐसी पूंजीगत परिसंपत्ति या व्यापार में स्टॉक या दोनों, जैसा भी मामला हो, उस वर्ष में निर्दिष्ट व्यक्ति को हस्तांतरित करने के लिए माना जाएगा जिसमें ऐसी पूंजीगत परिसंपत्ति या व्यापार में स्टॉक या दोनों निर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा प्राप्त किए जाते हैं। धारा के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा निर्दिष्ट इकाई का गठन करता है: 1. व्यक्ति का संघ 2. फर्म 3. व्यक्तियों का निकाय जो कंपनी या सहकारी समिति न हो 4. सहकारी समिति सही विकल्प चुनें:– a) केवल 1 और 4 b) केवल 2 और 4 c) केवल 1, 2 और 3 d) उपरोक्त में से कोई भी नहीं
13.	Which of the following is deemed to be received income? a) Salary credited to employee's account b) Dividend declared but not received c) Interest credited to a recognized provident fund d) Income earned abroad निम्नलिखित में से किसे प्राप्त आय समझा जाएगा ? a) कर्मचारी के खाते में जमा वेतन b) लाभांश घोषित परन्तु प्राप्त नहीं c) किसी मान्यता प्राप्त भविष्य निधि में जमा ब्याज d) विदेश में अर्जित आय
14.	Which of the following is fully exempt under Section 10? a) Gratuity received by a government employee

	b) Pension received after retirement c) Bonus received during employment d) Capital gains from house property निम्नलिखित में से किसे धारा 10 के तहत पूर्णतः छूट प्राप्त है ? a) सरकारी कर्मचारी को प्राप्त उपदान b) सेवानिवृत्ति के उपरांत प्राप्त पेंशन c) नियोजन की अवधि के दौरान प्राप्त बोनस d) गृह–संपत्ति से पूंजीगत लाभ
15.	Income from property held for charitable purposes is exempt if: a) 85% of the income is applied for the said purpose b) 50% of the income is applied c) 100% of the income is applied d) No exemption is available पूर्त–प्रयोजनों के लिए धारित संपत्ति से आय पर छूट है, यदिः a) आय के 85% का उपयोग उस प्रयोजन के लिए होता है b) आय के 50% का उपयोग होता है c) 100% आय का उपयोग होता है d) कोई छूट उपलब्ध नहीं है
16.	Exemption under Sections 11 and 12 is not available if: a) Trust is formed for charitable purposes b) Income is used for personal benefit of trustees c) Income is accumulated for future use d) Income is applied for educational purposes धारा 11 और 12 के तहत छूट उपलब्ध नहीं होती है, यदिः a) न्यास का गठन पूर्त प्रयोजन के लिए होता है b) आय का उपयोग न्यासियों के व्यक्तिगत लाभ के लिए होता है c) आय को भविष्य के उपयोग हेतु संचित किया जाता है d) आय का उपयोग शैक्षाणिक उद्देश्यों के लिए होता है
17.	A public charitable trust registered under section 12A of Income tax Act, for the previous year ending 31-3-2025, derived gross income of Rs. 16 lakhs, which consists of the following: (in lakhs) Income from properties held by trust (Net) 5 Income (net) from business (incidental to main objects) 4 Voluntary contribution from public 7

	The trust applied a sum of Rs.11.60 lakhs towards charitable purposes during the year. Determine the taxable income of the trust of the assessment year 2024-25. a) Rs. 2,00,000 b) Nil c) Rs. 4,40,000 d) Rs. 6,00,000 आयकर अधिनियम की धारा 12A के तहत पंजीकृत एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट ने दिनांक 31.03.2025 को समाप्त पिछले वर्ष के लिए 16 लाख रूपये की सकल आय अर्जित की, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैः (लाखों में) ट्रस्ट द्वारा धारित संपत्तियों से आय (शुद्ध) 5 व्यवसाय से आय (शुद्ध) (मुख्य उद्देश्यों से संबंधित) 4 जनता से स्वैच्छिक योगदान 7 ट्रस्ट ने वर्ष के दौरान धर्मार्थ कार्यों के लिए रू. 11.60 लाख का उपयोग किया। कर निर्धारण वर्ष 2024–25 के लिए ट्रस्ट की कर योग्य आय निर्धारित करें। a) रू. 2,00,000/– b) शून्य c) रू. 4,40,000/– d) रू. 6,00,000/–
18.	What is the basic exemption limit in NEW TAX REGIME for an individual below 60 years of age for A.Y. 2025-26? a) Rs. 2.5 lakh b) Rs. 3 lakh c) Rs. 5 lakh d) Rs. 7 lakh निर्धारण वर्ष 2025–26 के लिए, 60 वर्ष से कम आयु के एक व्यक्ति के लिए, नई कर प्रणाली में, मूल छूट की सीमा क्या है ? a) रू. 2.5 लाख b) रू. 3 लाख c) रू. 5 लाख d) रू. 7 लाख
19.	ABC Ltd., an Indian company, makes royalty payments to Mr. John, a non-resident living in the USA, for using software developed by him. The royalty is paid directly to Mr. John's bank account in the USA. Will the royalty income of Mr. John be taxable in India? a) Yes, since it is deemed to accrue or arise in India

	b) No, as it is directly credited to a foreign bank c) Yes, if Mr. John visits India d) No, since it is earned outside India एक भारतीय कंपनी –ए.बी.सी. लिमिटेड ने यू.एस.ए. में रह रहे अनिवासी श्री जॉन को, उनके द्वारा विकसित किए गए सॉफ्टवेयर का प्रयोग करने के लिए रॉयल्टी का भुगतान किया। रॉयल्टी का भुगतान श्री जॉन के यू.एस.ए. स्थित बैंक खाते में सीधे किया गया। क्या श्री जॉन की रॉयल्टी से आय भारत में कर योग्य होगी ? a) हाँ, क्योंकि यह भारत में उद्भूत या प्रोद्भूत मानी जाएगी। b) नहीं, क्योंकि यह सीधे एक विदेशी खाते में जमा हुई। c) हाँ, यदि श्री जॉन भारत यात्रा पर आते हैं। d) नहीं, क्योंकि यह भारत से बाहर अर्जित की गई।
20.	A registered political party, People's Voice, receives voluntary contributions amounting to Rs. 1 crore during the financial year 2024-25. It files its income tax return under Section 139(4B). What is the tax treatment of such contributions? a) Fully taxable b) Exempt if the party files its return of income c) Exempt only up to Rs. 50 lakh d) Taxable if the contribution exceeds Rs. 1 crore एक पंजीकृत राजनीतिक दल –'पीपुल्स वॉइस' ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में रू. 1 करोड़ की धनराशि का स्वैच्छिक चंदा प्राप्त किया। पार्टी ने अपना आयकर रिटर्न धारा 139(4B) के अंतर्गत दाखिल किया है। ऐसे चंदे का कर निरूपण क्या है ? a) पूर्णतः कर योग्य b) छूट योग्य, यदि पार्टी आय की रिटर्न दाखिल करती है। c) केवल रू. 50 लाख तक छूट योग्य d) कर योग्य, यदि चंदा रू. 1 करोड़ की सीमा को पार करता है।
21.	While computing income referred to in section 28 of the Income-tax Act, 1961, in respect of a business, which among the following statements are incorrect in the light of Section 36(1) of the Income-tax Act. a) Insurance premium paid in respect of insurance against risk of damage of stocks is allowable as deduction. b) Payment of premium made in cash by assessee who is an employer to keep in force insurance on the health of the employees, is allowable as deduction. c) Interest paid in respect of capital borrowed for acquisition of an asset,

	including the period from the date on which capital is borrowed till the date on which such asset was first put to use, is allowable as deduction. d) Both (b) and (c) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 28 के संदर्भ में एक व्यवसाय के मामले में आय की गणना करते समय, आयकर अधिनियम की धारा 36(1) के आलोक में निम्नलिखित में से कौन से कथन गलत हैं ? a) स्टॉक्स की क्षति के जोखिम के विरूद्ध किए गए बीमा की बीमा किस्त का भुगतान कटौती के रूप में स्वीकार्य है। b) निर्धारिती जो कि एक नियोजक है, द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य बीमा प्रवृत्त रखने के लिए नकद रूप में किया गया बीमा किस्त का भुगतान कटौती के रूप में स्वीकार्य है। c) किसी आस्ति के अर्जन के लिए उधार ली गई पूंजी के ब्याज का भुगतान; जिसमें पूंजी के उधार लेने की तिथि से लेकर आस्ति के पहली बार प्रयोग में लाने तक की अवधि शामिल है; कटौती के रूप में स्वीकार्य है। d) दोनों (b) और (c)
22.	Greenfields Cooperative Society runs a community farming project and earns an annual profit of Rs. 20 lakh. It also invests in mutual funds and earns Rs. 5 lakh as capital gains. Under the Income Tax Act, the cooperative society will be treated as: a) An individual b) A firm c) A Company d) A person ग्रीन फील्डस कोऑपरेटिव सोसाइटी एक सामुदायिक कृषि परियोजना चलाती है और रू. 20 लाख का लाभ अर्जित करती है। यह म्यूचुअल फंड में भी निवेश करती है और रू. 5 लाख पूंजीगत लाभ कमाती है। आयकर अधिनियम के अंतर्गत कोऑपरेटिव सोसाइटी को माना जाएगा : a) एक व्यष्टि b) एक फर्म c) एक कंपनी d) एक व्यक्ति
23.	Ms. Sneha works as a marketing executive and receives the following during the financial year: • Basic Salary: Rs. 6 lakh • Commission on Sales: Rs. 1 lakh • Interest from Bank FD: Rs. 50,000 • Lottery Winnings: Rs. 2 lakh Which of the following components will be considered "Income" under Section 2(24)?

	a) Basic Salary and Commission only b) Interest from Bank FD and Lottery Winnings only c) All of the above d) None of the above सुश्री स्नेहा बतौर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव काम करती हैं और वित्तीय वर्ष में निम्नलिखित आय प्राप्त करती है : • मूल वेतनः रू. 6 लाख • बिक्री पर कमीशन : रू. 1 लाख • बैंक की एफ डी से ब्याज : रू. 50 हजार • लॉटरी में जीत से : रू. 2 लाख निम्नलिखित में से किन घटकों को धारा 2(24) के अंतर्गत 'आय' समझा जाएगा ? a) केवल मूल वेतन और कमीशन b) केवल बैंक एफ डी का ब्याज और लॉटरी की राशि c) उपर्युक्त सभी d) उपर्युक्त से कोई नहीं
24.	XYZ Ltd. is a company registered in India and wholly owned by the government. It runs various public services and earns revenue through commercial activities. How will XYZ Ltd. be classified under the Income Tax Act? a) Domestic Company b) Foreign Company c) Public Sector Undertaking (PSU) d) Partnership Firm एक्स वाई जेड लिमिटेड भारत में पंजीकृत एक कंपनी है और पूर्णतः सरकार के स्वामित्व में है। यह विभिन्न सार्वजनिक सेवाएं देती है और वाणिज्यिक गतिविधियों से राजस्व अर्जित करती है। आयकर अधिनियम के अंतर्गत एक्स वाई जेड लि0 को कैसे वर्गीकृत किया जाएगा ? a) घरेलू कंपनी b) विदेशी कंपनी c) सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पी एस यू) d) भागीदारी फर्म
25.	Which of the following is not available as a deduction u/s 16 of the Income Tax Act while computing Income under the head Salaries a) Standard Deduction (deduction of a fixed amount) b) Property Tax c) Entertainment Allowance d) Professional Tax

	आयकर अधिनियम की धारा 16 के तहत, ''वेतन'' शीर्ष से आय का परिकलन करते समय, निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प कटौती के लिए अनुमत नहीं है :– a) मानक कटौती। (एक निश्चित राशि की कटौती) b) संपत्ति कर। c) मनोरंजन भत्ता। d) वृत्तिक कर
26.	Which of the following is / are true about amount not deductible u/s 25 while computing 'Income from House Property'. Any interest chargeable under the Income Tax Act which is payable outside India shall not be deducted in computing the income chargeable under the head "Income from house property" (i) On which tax has not been paid or deducted under Chapter XVII-B (ii) In respect of which there is no person in India who may be treated as an agent under section 163 (iii) Which is paid on loan taken from a non-scheduled bank as per Schedule 2 of the RBI Act, 1934 a) (i) only b) (ii) only c) (i) and (ii) only d) All of (i),(ii) and (iii) धारा 25 के तहत ''गृह संपत्ति से आय'' की गणना करते समय, कटौती योग्य नहीं, राशि पर, निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ? आयकर अधिनियम के तहत भारत के बाहर संदेय, '' गृह संपत्ति से आय'' शीर्ष के तहत प्रभार्य आय की गणना से किसी प्रभार्य ब्याज की कटौती नहीं की जाएगी। (i) जिसपर अध्याय XVII-B के तहत कर का भुगतान/कटौती नहीं की गई है। (ii) जिसकी बाबत भारत में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है, जिसे धारा 163 के तहत अभिकर्ता माना जा सके। (iii) जिसका भुगतान आर.बी.आई अधिनियम, 1934, की अनुसूची–2 के अनुसार किसी गैर अधिसूचित बैंक से लिये गये ऋण के लिये किया गया हो। a) केवल (i) b) केवल (ii) c) केवल (i) और (ii) d) (i), (ii), (iii) सभी
27.	In the case of an assessee engaged in the manufacture of articles, allowable depreciation u/s 32(1)(ii) and additional depreciation u/s 32(1)(iia) respectively on

	Plant and Machinery are a) 10% and 20% b) 15% and 20% c) 25% and 40% d) 15% and 30% यदि कोई निर्धारिती वस्तुओं का निर्माण करता है तो, संयंत्र एवं मशीनरी पर अनुमत, धारा 32(1)(ii) के तहत मूल्यह्रास तथा धारा 32(1)(iia) के तहत अतिरिक्त मूल्यह्रास क्रमशः कितना है ? a) 10% व 20% b) 15% व 20% c) 25% व 40% d) 15% व 30%
28.	X received arrears of rent from a tenant and the same has been included in the total income of X under the head "Income from house property" in the year in which it has been received. What is the amount that would be allowable as a deduction under Section 25A of the Income-tax Act, 1961, in the case of X. a) A sum equal to 30% of the arrears of rent received. b) 25% of the arrears of rent / unrealised rent c) Maximum of One Lakh rupees not to exceed the aggregate amount of rent received / unrealised d) Maximum of One Lakh fifty thousand rupees not to exceed the aggregate amount of rent received / unrealized X ने अपने किरायेदार से बकाया किराया प्राप्त किया और उसने इस राशि को, जिस वर्ष में प्राप्त किया, उस वर्ष की कुल आय में ''गृह संपत्ति से आय'' शीर्ष में दर्शाया। आयकर अधिनियम 1961 की धारा 25A के तहत अनुमत्त कटौती की राशि क्या होगी ? a) प्राप्त बकाया किराए की 30% राशि। b) बकाया किराया/अप्राप्त किराया का 25% c) अधिकतम एक लाख रूपये जो प्राप्त/अप्राप्त किराए की कुल राशि से अधिक न हो। d) अधिकतम एक लाख पचास हजार रूपये, जो प्राप्त/अप्राप्त किराए कि कुल राशि से अधिक न हो।
29.	Who among the following would be deemed to be the owner of the house property transferred by virtue of section 27 of the Income-tax Act, 1961. a) Individual transferring house property to his or her spouse, out of love and affection, without any consideration. b) Holder of an impartible estate. c) Person retaining possession of part of a building in part performance of a

	contract referred in Section 53A of the Transfer of Property Act, 1882. d) All of the above आयकर अधिनियम 1961 की धारा 27 के प्रावधानानुसार निम्नलिखित में से किसे 'गृह संपत्ति का स्वामी'' माना जाएगा ? a) कोई व्यष्टि, जो बिना कोई प्रतिफल प्राप्त किये, प्रेमवश अपने/अपनी पति/पत्नी को गृह संपत्ति अंतरित कर दें। b) अविभाज्य संपदा का धारक। c) कोई व्यक्ति जो संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 53A के भागिक पालन में किसी भवन या उसके किसी भाग का कब्जा़ रखे रहता है। d) उपर्युक्त सभी।
30.	The 'Annual accretion to the balance at the credit of an employee participating in a recognised provident fund to the extent to which it is chargeable to tax' is taxable as stated in one of the following options. Please select the correct option. a) Salary under section 17(1). b) Perquisites. c) Allowances. d) Profit in lieu of salary. 'किसी मान्यता प्राप्त भविष्य निधि में भाग लेने वाले किसी कर्मचारी के जमा अतिशेष में हुई वार्षिक वृद्धि उस सीमा तक, जिस तक कर से प्रभाये है'। यह कथन निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प में कहा गया है ? a) धारा 17(1) के तहत वेतन b) परिलब्धियाँ c) भत्ते d) वेतन के बदले में लाभ
31.	Which of the following expenditures incurred by an assessee on the premises used for the purpose of business and profession does not qualify for deduction under Section 30 of the Income-tax Act, 1961 while computing its income from 'business or profession'. a) Sums paid on account of municipal taxes. b) Insurance premium paid against risk of damage of the premises. c) Replacement of electrical panels and electrical work in the premises. d) Restoration and extension of reception area. किसी निर्धारिती द्वारा, उसकी 'कारबार या वृत्ति' से आय की गणना करते समय, उसके कारबार तथा वृत्ति के लिये प्रयुक्त परिसर पर हुए निम्नलिखित खर्चों में से किसे, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 30 के तहत कटौती योग्य नहीं माना जाएगाः–

	a) निगम करों स्वरूप भुगतान की गई राशि। b) परिसर को क्षति के बीमा के लिये भुगतान की गई राशि। c) परिसर के विद्युत पैनल तथा विद्युत उपकरणों को बदलवाने का खर्च। d) स्वागत क्षेत्र के विस्तार तथा जीर्णोधार पर व्यय।
32.	The definition of the term "actual cost" can be found in which of the following provisions of the Income-tax Act, 1961. a) Section 43(1) b) Section 2(43) c) Section 2(42) d) None of the above. पद ''वास्तविक लागत'' को आयकर अधिनियम 1961 के निम्नलिखित प्रावधानों में परिभाषित किया गया है:– a) धारा 43(1) b) धारा 2(43) c) धारा 2(42) d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
33.	According to Section 50C of the Act, if the value determined or evaluated by the "Stamp Valuation Authority" is lower than the value assessed by the Valuation Officer, then the total value of consideration will be- a) value ascertained through the valuation officer. b) Value adopted by the assesse c) Value ascertained through the valuation officer' or 'value adopted or assessed or assessable by the 'stamp valuation authority' whichever is higher d) Value adopted or assessed or assessable by the "stamp valuation authority. अधिनियम की धारा 50C के अनुसार, यदि 'स्टांप मूल्यांकन अधिकारी'' द्वारा निर्धारित या मूल्यांकित मूल्य, मूल्यांकन अधिकारी द्वारा मूल्यांकित मूल्य से कम है तो, कुल उपार्जित प्रतिफल मूल्य क्या होगा– a) मूल्यांकन अधिकारी द्वारा निर्धारित करवाया गया मूल्य b) निर्धारिती द्वारा माना गया मूल्य c) 'निर्धारण अधिकारी द्वारा परिनिश्चित मूल्य' या 'स्टांप मूल्यांकन प्राधिकारी' द्वारा 'मानित या निर्धारित या निर्धारणीय मूल्य', दोनों में से जो भी अधिक हो d) ''स्टांप मूल्यांकन प्राधिकारी'' द्वारा मानित या निर्धारित या निर्धारणीय मूल्य।
34.	According to the provisions of Section 50B of the Act, which of the following

	statements is incorrect regarding the calculation of capital gains in the context of a slump sale? a) Any profits or gains arising from the slump sale shall be deemed to be the income of the previous year in which the transfer took Place. b) In relation to capital assets being an undertaking or division transferred by way of such sale, the net worth of the undertaking or the division, as the case may be, shall be deemed to be the cost of acquisition and the cost of improvement for the purposes of sections 48 and49' c) Calculation of Net worth must be certified as Per Accountants' Report. d) For the purposes of computing the net worth, any change in the value of assets on account of revaluation of assets shall be duly included. अधिनियम की धारा 50B के प्रावधानों के अनुसार मन्दी बिक्री के संदर्भ में, पूंजी अभिलाभ की गणना के संबंध में, निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं हैः– a) मंदी बिक्री से हुआ कोई लाभ या अभिलाभ, पिछले वर्ष जिसमें अंतरण हुआ था, की आय माना जाएगा। b) यदि इस प्रकार की बिक्री में, पूंजीगत आस्ति किसी उपक्रम या डिवीज़न है, तो उस उपक्रम या डिवीज़न (जैसा भी मामला हो) की शुद्ध मालियत को ही धारा 48 और धारा 49 के प्रयोजनों के लिये उपार्जन लागत तथा सुधार लागत माना जाएगा। c) शुद्ध मालियत का परिकलन, लेखाकार रिपोर्ट के अनुसार प्रमाणित किया जाना चाहिए। d) शुद्ध मालियत के परिकलन प्रयोजन हेतु आस्तियों के पुनर्मूल्यांकन के परिणामस्वरूप आस्तियों के मूल्य परिवर्तन को भी विधिवत् रूप से शामिल किया जाना चाहिए।
35.	In case of the income of an individual includes the income of his three minor children in terms of Section 64(1A) r.w.s.10(32) of the IT Act, 1961, such individual shall be entitled to an exemption of upto Rs. …… in respect of all the minor children- a) Rs.2,500/- b) Rs.1,500/- c) Rs.3,000/- d) Rs. 5,000/-. आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 64(1A) सहपठित धारा 10(32) के संबंध में यदि एक व्यक्ति की आय में उसके तीन नाबालिग बच्चों की आय भी शामिल हो तो ऐसा व्यक्ति अपने सभी नाबालिग बच्चों के संबंध में रू. ..... तक की छूट का हकदार होगा– a) रू. 2,500/–

	b) रू. 1,500/– c) रू. 3,000/– d) रू. 5,000/–
36.	When a capital asset is acquired by the assessee through a gift or will, the cost of acquisition of that asset shall be considered as— a) The cost for which the previous owner of the property acquired it. b) The cost of any improvement of the assets incurred or borne by the previous owner. c) The cost of any improvement of the assets incurred or borne by the assessee. d) All the above put together. जब किसी उपहार या विल के माध्यम से निर्धारिती द्वारा कोई पूंजी परिसंपत्ति प्राप्त की जाती है तो उस प्राप्त परिसंपत्ति की लागत .... मानी जाएगी– a) वह लागत जिस पर पिछले मालिक ने संपत्ति को प्राप्त किया b) पिछले मालिक द्वारा परिसंपत्ति के सुधार पर वहन या व्यय की गई लागत c) निर्धारिती द्वारा परिसंपत्ति के सुधार पर वहन या व्यय की गई लागत d) उपरोक्त सभी को एक साथ जोड़कर
37.	Which of the following transactions shall not be regarded as transfer, as per the provisions of section 47 of the Act: a) Transfers of capital assets during an amalgamation process, where the amalgamated company is a Foreign Company. b) Any transfer of a capital asset under a gift or will or an irrevocable trust. c) Extinguishment of rights in respect of capital d) Compulsory acquisition thereof under any law. अधिनियम की धारा 47 के प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा संव्यवहार अंतरण नहीं माना जाएगाः– a) समामेलन प्रक्रिया के दौरान पूंजी परिसंपत्ति अंतरण, जहां समामेलित कंपनी एक विदेशी कंपनी है। b) किसी उपहार या वसीहत या अप्रतिसंहारणीय न्यास के तहत किसी पूंजी परिसंपत्ति का कोई अंतरण c) पूंजी के संबंध में अधिकारों का निर्वापन d) किसी भी कानून के तहत उसका अनिवार्य अधिग्रहण
38.	Select the correct options from the following, on the requirement of audit of accounts by certain persons, carrying on business or profession as per section 44AB of the Income-tax Act, 1961 and not covered by the Proviso to the Section.

	Please select the correct option from the options given below, of those persons who are required to get accounts audited by an accountant before the specified date, under the said provision. a) Person carrying on business whose total sales in business exceed or exceeds one crore rupees in any previous year. b) Person carrying on business whose total sales in business exceed one crore rupees in any previous year and who has declared profit under section 44AD(1). c) Person carrying out profession having gross receipts in profession exceeding Rupees forty lakhs in any previous year. d) None of the above. आयकर अधिनियम, 1961, की धारा 44AB के अनुसार और उसके उपबंधों से आच्छादित न होते हुए पेशा या व्यवसाय चलाने वाले कुछ व्यक्तियों के लेखाओं की संपरीक्षा की आवश्यकता पर, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए। उपर्युक्त उपबंध के अंतर्गत कौन व्यक्ति है, जिनके लेखाओं की संपरीक्षा लेखापाल द्वारा विर्निर्दिष्ट तिथि से पूर्व किया जाना अपेक्षित है। a) व्यवसाय चलाने वाले ऐसे व्यक्ति जिनका किसी भी पूर्व वर्ष में व्यवसाय से कुछ विक्रय एक करोड़ रूपये या उससे अधिक का हुआ हो, b) व्यवसाय चलाने वाले ऐसे व्यक्ति जिनका किसी भी पूर्व वर्ष में व्यवसाय में कुल विक्रय एक करोड़ रूपये से अधिक हुआ हो और जिन्होंने धारा 44AD(1) के तहत लाभ घोषित किया हो। c) पेशा चलाने वाले ऐसे व्यक्ति, जिनकी किसी भी पूर्व वर्ष में पेशे से सकल प्राप्तियां रू. 40 लाख से अधिक हो। d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
39.	As per "Capital Gains Account Scheme" to avoid payment of capital gains, the unutilized capital gain should be deposited by the assessee before- a) Before the due date of furnishing the income tax return specified under section 139(1). b) The end of assessment year in which capital gain arose. c) The end of 2 years from the date of transfer of capital asset. d) The end of financial year in which capital gain arose. ''कैपीटल गेन्स अकाउंट स्कीम'' के अनुसार, निर्धारिती को पूंजीगत लाभ के भुगतान से बचने के लिए अप्रयुक्त पूंजीगत लाभ को .... से पहले जमा करना चाहिए – a) धारा 139(1) में विनिर्दिष्ट आयकर विवरणी दाखिल करने की नियत तिथि से पहले

	b) जिस वर्ष पूंजीगत लाभ हुआ उस निर्धारण वर्ष के अंत तक c) पूंजीगत संपत्ति के हस्तांतरण की तारीख से दो वर्ष तक d) जिस वर्ष पूंजीगत लाभ मिला उस वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक
40.	Which sections of the Act specify that Long-Term Capital Gain from the transfer of agricultural land is exempt from being charged under Section 45, provided the assessee acquires another piece of land as stipulated? a) Section 54 A b) Section 54 B c) Section 54 F d) Section 54 C. अधिनियम की कौन सी धारा यह विनिर्दिष्ट करती है कि कृषि भूमि के हस्तांतरण का दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ, धारा 45 के प्रभार से छूट प्राप्त है; बसर्ते कि निर्धारिती यथानिर्देश अन्य कोई भूमि क्रय कर लेः– a) धारा 54A b) धारा 54B c) धारा 54F d) धारा 54C
41.	X converts his land (acquired on April 25, 2015 for Rs. 1,00,000) into stock-in trade on March 31, 2017 (fair Market value: Rs. 2,15,000) and subsequently sells the stock-in-trade so converted for Rs. 6,00,000 on June 20, 2023. Determine the amount of assessable profits for AY 2024-25. (CII of FY 2015-16: 254, FY 2016-17: 264 & FY 2023-24: 348) a) Short Term capital gain of Rs. 1,15,000 & business income of Rs. 3,85,000 b) Long Term capital gain of Rs. 1,11,063 & business income of Rs. 3,85,000 c) Long Term capital gain of Rs. 4,62,992 & no business income d) Short Term capital gain of Rs. 5,00,000 & no business income X अपनी जमीन (25 अप्रैल, 2015 को रू. 1,00,000/– में अधिग्रहीत) को 31 मार्च, 2017 को स्टॉक व्यापार में परिवर्तित करता है। (उचित बाजार मूल्यः 2,15,000/– रू.) और बाद में 20 जून, 2023 को उस स्टॉक व्यापार को 6,00,000/– रूपये में बेच देता है। निर्धारण वर्ष 2024–25 के लिए उसके निर्धारण योग्य लाभ की राशि का निर्धारण करें। (वित्तीय वर्ष 2015–16 की मुद्रास्फिती सूचकांक {सी.आई.आई} =254, वित्तीय वर्ष 2016–17 : 264 एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 : 348) a) रू.1,15,000/– का अल्पकालिक पूंजीगत लाभ और

	रू.3,85,000/– की व्यवसायिक आय b) रू.1,11,063/– का दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ और रू.3,85,000/– की व्यवसायिक आय c) रू. 4,62,992/– का दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ और कोई व्यवसायिक आय नहीं d) रू. 5,00,000/– का अल्पकालिक पूंजीगत लाभ और कोई व्यवसायिक आय नहीं
42.	The benefit of indexation is NOT available in which of the following cases of long term capital asset: (i) transfer which takes place before July 23, 2024 of long term capital asset (ii) Undertaking/division transferred by way of slump sale as covered by section 50B (iii)Depreciable asset (iv)Equity shares in a company or a unit of equity oriented mutual fund or a unit of a business trust referred to in section 112A. a) (i), (ii) & (iii) b) (ii), (iii) & (iv) c) (i), (ii) & (iv) d) All of the above निम्नलिखित दीर्घकालिक पूंजीगत अस्तियों में से किसके लिए इंडेक्सेशन का लाभ उपलब्ध नहीं है ? (i) दीर्घकालिक पूंजीगत आस्ति जिसका अंतरण दिनांक 23 जुलाई, 2024 से पहले हुआ हो (ii) धारा 50B के कथनानुसार किसी उपक्रम/भाग जो चरम मंदी बिक्री के कारण अंतरित हुआ हो (iii) मूल्सह्रास योग्य आस्तियां (iv) किसी कंपनी में इक्विटी शेयर या इक्विटी उन्मुखी म्यूच्युअल फंड या धारा 112A में वर्णित किसी व्यवसायिक ट्रस्ट की एक इकाई a) (i), (ii) और (iii) b) (ii), (iii) और (iv) c) (i), (ii) और (iv) d) उपर्युक्त सभी
43.	As per the Explanation to Section 50AA of the Income Tax Act, 'Specified Mutual Fund' means a Mutual Fund by whatever name called, where not more than _____of its total proceeds is invested in the equity shares of domestic companies. a) 30% b) 35% c) 40% d) 50% आयकर अधिनियम की धारा 50AA के स्पष्टीकरण के अनुसार

	'स्पेसिफाइड म्यूचुअल फंड' से अभिप्राय है– एक ऐसा म्यूचुअल फंड, जो भी नाम हो, जिसका घरेलू कंपनियों के इक्विटी शेयरों में कुल आगम का ..... से अधिक निवेश नहीं किया जा सकता। a) 30% b) 35% c) 40% d) 50%
44.	Which of the following condition is NOT correct to get the benefit of exemption under section 54D of the Income Tax Act: a) The taxpayer may be an individual, HUF, firm, company or any other person b) The asset shall be long-term capital asset only c) Capital gain arises on transfer by way of compulsory acquisition of land or building which forms a part of an industrial undertaking belonging to the taxpayer d) Newly acquired land or building should be used for the purpose of shifting or re-establishing the said undertaking or setting up another industrial undertaking. आयकर अधिनियम की धारा 54D के तहत छूट का लाभ प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित में से कौन–सी शर्त सही नहीं है :– a) करदाता एक वैयक्तिक, एच.यू.एफ, फर्म, कम्पनी या कोई अन्य व्यक्ति हो सकता है। b) आस्ति केवल दीर्घकालिक पूंजीगत आस्ति होगी c) भू–खण्ड या भवन, जो करदाता के औद्योगिक उपक्रम का एक हिस्सा है, के अनिवार्य अधिग्रहण फलस्वरूप अंतरण पर पूंजीगत लाभ उद्भूत होगा। d) नये अधिगृहित भू–खण्ड या भवन का प्रयोग उस उपक्रम का स्थान–परिवर्तन या पुर्नस्थापन या किसी अन्य औद्योगिक उपक्रम को स्थापित करने के लिए किया जाना चाहिए।
45.	The provisions of section 54B are applicable where the capital gain arises from the transfer of a capital asset being land which , in the _____ years immediately preceding the date on which the transfer took place, was being used by the assessee being an individual or his parents, or a HUF for agriculture purposes. a) One b) Two c) Three d) Four धारा 54B के प्रावधान वहां लागू होते हैं, जहां पूंजी अभिलाभ ऐसी भूमि स्वरूप पूंजीगत आस्ति के अंतरण से उद्भूत हुआ हो, जो

	अंतरण की तारीख से ठीक पहले के ..... वर्षों में निर्धारिती द्वारा, जो व्यष्टि है या उसके माता–पिता द्वारा या हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब द्वारा कृषि के कार्य के लिए प्रयुक्त की जाती रही है। a) एक b) दो c) तीन d) चार
46.	Which of the following is NOT correct with respect to provisions of Section 56(viib) of the Income Tax Act: a) It has been inserted w.e.f. the A.Y. 2013-14 b) It is applicable to a company in which the public are substantially interested c) Finance Act, 2023 omitted the word "being a resident" w.e.f. 01.04.2024. Thus now share premium received from any person whether resident or not, is covered under section 56(viib) d) As per the amendment by Finance (No. 2) Act, 2024 the provisions of clause 56(viib) shall not apply w.e.f. 01.04.2025 आयकर अधिनियम की धारा 56(viib) के प्रावधानों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही नहीं है:– a) इसे निर्धारण वर्ष 2013–14 से अंतः स्थापित किया गया है। b) यह एक कंपनी के लिए लागू है जिसमें जनता पर्याप्त रूप से हितबद्ध हो। c) वित्त अधिनियम, 2023 द्वारा दिनांक 01.04.2024 से ''निवासी होना'' शब्द का लोप कर दिया गया। इसलिए, अब किसी भी व्यक्ति, निवासी अथवा नहीं, से शेयर प्रीमियम प्राप्त करना धारा 56(viib) के अंतर्गत आता है। d) वित्त अधिनियम (संख्या–2), 2024 के संशोधन के अनुसार, धारा 56(viib) के प्रावधान 01.04.2025 से लागू नहीं होंगे।
47.	X transfers a house property to A. However, X has a right to revoke the transfer during the lifetime of A. In view of the provisions of Section 61 which of the following is/are correct: (i) It is a revocable transfer (ii) Income arising from the house property is taxable in the hands of A. a) Only (i) is correct b) Only (ii) is correct c) Both (i) & (ii) are correct d) Both (i) & (ii) are incorrect X ने एक गृह–संपत्ति A को अंतरित की। परन्तु X को अधिकार है कि A के जीवन–काल में इस अंतरण को वापस ले सके। धारा 61

	के प्रावधानों के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा/से विकल्प सही हैं :– i) यह एक प्रतिसंहरणीय अंतरण है ii) इस गृह–संपत्ति से उद्भूत आय, A के पास कराधेय है a) केवल (i) सही है b) केवल (ii) सही है c) (i) और (ii) दोनों सही है d) (i) और (ii) दोनों गलत है
48.	Which of the following statements are correct? a) Cash Credits as mentioned in section 68 refers to only the cash transactions. b) Cash Credits as mentioned in section 68 refers to any money credited to the taxpayer's books of accounts for any previous year, regardless of the mode payment, i.e., by cash, cheque, or draft. c) Unexplained cash credits are taxed at the rate of 60% subject to benefit of basic exemption limit d) Both (b) and (c) निम्नलिखित मे से कौन–सा कथन सही है ? a) धारा 68 में उल्लिखित रोकड़ जमा केवल नकद संव्यवहारों के संदर्भ में ही है। b) धारा 68 मे उल्लिखित रोकड़ जमा का संदर्भ करदाता के खाता–बहियों में किसी भी पूर्ववर्ती वर्ष में जमा की गई राशि से है चाहे उसका माध्यम नकद, चेक अथवा ड्राफ्ट कुछ भी हो। c) अस्पष्टीकृत रोकड़ जमा मूल छूट की सीमा के अधीन 60% की दर से कराधेय है। d) (b) और (c) दोनों
49.	Please match the following sections with their relevant provision (i) Section 69 — a. Amount of investments, etc., not fully disclosed in books of account. (ii) Section 69A — b. Unexplained expenditure, etc. (iii) Section 69B — c. Unexplained investments (iv) Section 69C — d. Unexplained money etc. Choose the correct option from those given below. a) (i)-a, (ii)-b, (iii)-d, and (iv)-c b) (i)-c, (ii)-d, (iii)-a, and (iv)-b c) (i)-c, (ii)-a, (iii)-d, and (iv)-b d) (i)-b, (ii)-d, (iii)-a, and (iv)-c कृपया नीचे दी गई धाराओं को उनके सुसंगत प्रावधानों से मिलान

	कीजिए। (i) धारा 69 — a. निवेश आदि की रकम जो लेखा पुस्तकों में पूरी तरह से प्रकट न की गई हो (ii)धारा 69A — b. अस्पष्टीकृत व्यय, आदि (iii) धारा 69B — c. अस्पष्टीकृत निवेश (iv) धारा 69C — d. अस्पष्टीकृत धनराशि, आदि नीचे दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कीजिए a) (i)-a, (ii)-b, (iii)-d और (iv)-c b) (i)-c, (ii)-d, (iii)-a और (iv)-b c) (i)-c, (ii)-a, (iii)-d और (iv)-b d) (i)-b, (ii)-d, (iii)-a और (iv)-c
50.	An unexplained expenditure is established by the AO as assessee failed to offer any satisfactory explanation to the AO at the time of assessment proceedings about the source of such expenditure. The AO shall – a) Disallow such expenditure to be deemed as the income of the assessee for the relevant financial year. b) Allow such expenditure as a deduction under any head of income subject to any other provision of the Income Tax Act, 1961. c) Disallow any deduction whatsoever notwithstanding anything contained in any other provision of this Act. d) Both (a) and (c) निर्धारण कार्यवाही के दौरान निर्धारण अधिकारी ने एक अस्पष्टीकृत व्यय निर्धारित किया। चूंकि निर्धारिती ऐसे व्यय के स्रोत का कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण निर्धारण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने में असफल रहा, निर्धारण अधिकारी .....करेगा । a) ऐसे व्यय को निर्धारिती की उस वर्ष की आय के रूप में मानने की अनुमति नहीं देगा। b) ऐसे व्यय को आयकर अधिनियम, 1961 के किसी अन्य प्रावधान के तहत आय के किसी शीर्ष में से कटौती की अनुमति देगा। c) इस अधिनियम के किसी अन्य उपबंध में दी गई किसी बात के होते हुए भी किसी कटौती की अनुमति नहीं देगा। d) (a) और (c) दोनों
51.	Please match the following sections with their relevant provision (i) Section 74 — a. Carry forward and set off of losses in case of change in constitution of firm or on succession.

(ii) Section 74A	b. Losses of firms.
(iii)Section 75	c. Losses under the head "Capital gains"
(iv)Section 78	d. Losses from certain specified sources falling under the head "Income from other sources"

Choose the correct option from those given below.

a) (i)-b, (ii)-d, (iii)-a, and (iv)-c
b) (i)-c, (ii)-d, (iii)-b, and (iv)-a
c) (i)-c, (ii)-a, (iii)-d, and (iv)-b
d) (i)-a, (ii)-b, (iii)-d, and (iv)-c

कृपया नीचे दी गई धाराओं को उनके सुसंगत प्रावधानों से मिलान कीजिए–

(i) धारा 74	a. फर्म के गठन या उत्तराधिकार में तबदीली के मामले में हानियों को अग्रेणीत या बट्टे खाते डालना।
(ii)धारा 74A	b. फर्म की हानियाँ
(iii) धारा 75	c. 'पूंजी अभिलाभ' शीर्ष के अधीन हानियाँ।
(iv) धारा 78	d. 'अन्य स्रोतों से आय' शीर्ष के अधीन आने वाले कतिपय विनिर्दिष्ट स्रोतों से हानियाँ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कीजिए

a) (i)-b, (ii)-d, (iii)-a और (iv)-c
b) (i)-c, (ii)-d, (iii)-b और (iv)-a
c) (i)-c, (ii)-a, (iii)-d और (iv)-b
d) (i)-a, (ii)-b, (iii)-d और (iv)-c

52. What happen in case of change in constitution of a partnership firm due to death or retirement of a partner ?

a) the share of loss attributable to the outgoing partner cannot be carried forward and set off by the firm.
b) This restriction is applicable only in case of loss and is not applicable in case of adjustment of unabsorbed depreciation, unabsorbed capital expenditure on scientific research or family planning expenditure.
c) Both (a) and (b)
d) Neither (a) nor (b)

भागीदार की मृत्यु या सेवानिवृत्ति के कारण किसी भागीदारी फर्म के गठन में तब्दीलों के मामले में क्या होता है ?

a) बाहर जाने वाले भागीदार के फलस्वरूप होने वाली हानि के भाग को, फर्म द्वारा अग्रेणीत या बट्टे खाते नहीं डाला जा सकता।

	b) यह निर्बंधन केवल हानि के मामले में ही लागू है और यह शेष अवक्षयण अथवा वैज्ञानिक अनुसंधान सा परिवार नियोजन व्यय से शेष पूंजीगत व्यय के समायोजन के मामले में लागू नहीं होगा। c) (a) और (b) दोनों d) न तो (a) और न (b)
53.	Please match the following sections with their relevant provision (i) Section 80A — a. Deductions to be made with reference to the income included in the gross total income (ii) Section 80AB — b. Deduction not to be allowed unless return furnished. (iii)Section 80AC — c. Definitions (iv)Section 80B — d. Deductions to be made in computing total income Choose the correct option from those given below. a) (i)-b, (ii)-d, (iii)-a, and (iv)-c b) (i)-c, (ii)-d, (iii)-b, and (iv)-a c) (i)-c, (ii)-a, (iii)-d, and (iv)-b d) (i)-d, (ii)-a, (iii)-b, and (iv)-c कृपया निम्नलिखित धाराओं को सुसंगत प्रावधानों से मिलान करें– (i) धारा 80A — a. कटौती सकल कुल आय में सम्मिलित आय के संदर्भ में की जाए। (ii)धारा 80AB — b. जब तक रिटर्न नहीं भरा जाता, कटौती की अनुमति न दी जाए। (iii) धारा 80AC — c. परिभाषाएं (iv) धारा 80B — d. कुल आय की गणना में से कटौती की जाए। निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव करें। a) (i)-b, (ii)-d, (iii)-a और (iv)-c b) (i)-c, (ii)-d, (iii)-b और (iv)-a c) (i)-c, (ii)-a, (iii)-d और (iv)-b d) (i)-d, (ii)-a, (iii)-b और (iv)-c
54.	An Indian company or enterprise that donates to a political party or an electoral trust registered in India can claim a deduction u/s 80 GGB for the amount contributed subject to following condition a) The political party receiving the donation must be registered under Section 29A of the Representation of the People Act, 1951.

	b) The donation may be made through demand drafts, cheques, electronic / online mode or otherwise. c) The company needs to take necessary approval from the Income Tax department. d) All of the above. एक भारतीय कंपनी या उद्यम जो किसी राजनितिक पार्टी या चुनावी ट्रस्ट को, जो भारत में पंजीकृत है, दान देती है; वह दान दी गई राशि की धारा 80GGB के तहत कटौती का दावा निम्नलिखित शर्तों पर कर सकती है– a) दान प्राप्त करने वाली राजनीतिक पार्टी लोकप्रतिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29A के तहत पंजीकृत हो। b) दान डिमांड ड्रॉफ्ट, चैक, इलैक्ट्रोनिक/ऑनलाइन या अन्य तरीके से किया जा सकता है। c) कंपनी को आयकर विभाग से आवश्यक अनुमति लेने की जरूरत है। d) उपर्युक्त सभी
55.	Section 80-IA deals with (a) Deduction in respect of profits and gains from industrial undertakings after a certain date, etc. (b) Deductions in respect of profits and gains from industrial undertakings or enterprises engaged in infrastructure development, etc. (c) Deductions in respect of profits and gains by an undertaking or enterprise engaged in development of Special Economic Zone (d) Special provision in respect of specified business धारा 80–IA ..... से संबंधित है :– a) एक निश्चित तारीख के बाद, औद्योगिक उपक्रमों से लाभ एवं अभिलाभ के संबंध में कटौती, इत्यादि। b) इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में कार्यरत्त औद्योगिक उपक्रमों या उद्यमों से लाभ एवं अभिलाभ के संबंध में कटौती, इत्यादि। c) विशेष आर्थिक क्षेत्र विकसित करने की दिशा में कार्यरत्त उपक्रमों या उद्यमों के लाभ एवं अभिलाभ के संबंध में कटौती, इत्यादि। d) विनिर्दिष्ट व्यवसायों के संबंध में विशेष प्रावधान
56.	As per Section 69D, how is repayment of a hundi loan otherwise than through an account payee cheque or bank draft treated for tax purposes? a) It is allowed as an expense if the repayment is made in good faith. b) It is deemed as income of the assessee in the year of repayment. c) It is taxed at concessional rates if disclosed voluntarily. d) It is not taxable if the loan was obtained from a relative. धारा 69D के अनुसार, हुंडी ऋण का पुर्नभुगतान एकाउंट पेई चेक

	या डिमांड ड्राफ्ट के अलावा, अन्य किसी माध्यम से किये जाने को, कराधान के उद्देश्य से कैसे देखा जाता है ? a) यदि भुगतान सद्भाव से किया जाता है तो यह एक खर्चे के रूप में मान लिया जाता है। b) भुगतान वर्ष में यह निर्धारिती की आय मान ली जाती है c) यदि स्वेच्छा से घोषित कर दिया जाता है तो रियायती दर पर कर लिया जाता है। d) यदि ऋण किसी संबंधी से लिया जाता है तो कर योग्य नहीं है।
57.	Who amongst the following is not a deemed owner of a property for the purposes of 'Income from House Property' a) An individual who transfers otherwise than for adequate consideration any house property to his or her spouse, not being a transfer in connection with an agreement to live apart, or to a minor child not being a married daughter, b) The holder of an impartible estate c) A member of a co-operative society, company or other association of persons to whom a building or part thereof is allotted or leased under a house building scheme of the society, company or association, d) A person who acquires any rights (excluding any rights by way of a lease from month to month or for a period not exceeding one year) in or with respect to any building or part thereof, by way of a lease for a period less than 12 years. 'गृह संपत्ति से आय' के प्रयोजन हेतु निम्नलिखित में से कौन एक संपत्ति का मानित स्वामी नहीं है। a) कोई व्यष्टि जो गृह संपत्ति का पर्याप्त प्रतिफल से अन्यथा अंतरण अपने पति या अपनी पत्नी को, जो अलग रहने के लिए करार के संबंध में अंतरण नहीं हो, या अवयस्क संतान को जो विवाहित पुत्री नहीं हो, करता है। b) किसी अविभाज्य संपदा का धारक c) किसी सहकारी सोसाइटी, कंपनी या अन्य व्यक्ति–संगम का सदस्य, जिसको यथास्थिति उस सोसाइटी, कंपनी या संगम की गृह निर्माण स्कीम के अधीन कोई भवन या उसका कोई भाग आबंटित किया गया है या पट्टे पर दिया गया है। d) कोई व्यक्ति जो किसी भवन या उसके किसी भाग में या उसके बाबत कोई अधिकार (माह दर माह या एक वर्ष से अनाधिक अवधि के लिए पट्टे के रूप में किन्हीं अधिकारों को अपवर्जित करते हुए) 12 वर्ष से कम अवधि के लिए पट्टे के रूप में अर्जित करता है।
58.	A business loss is carried forward under Section 72. In which of the following

